

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 89 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 10 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## अब तक 142 नवनिर्वाचित विधायकों ने पूर्ण की औपचारिकताएं

भोपाल - विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशानुसार नये सदस्यों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को अवकाश वाले दिन भी विधानसभा का स्वागत कक्ष खोला गया, जिसमें कुल 12 सदस्य निर्वाचन प्रमाण पत्र लेकर विधानसभा पहुंचे। इस तरह अब तक कुल 142 नवनिर्वाचित विधायकों ने विधानसभा पहुंचकर अपनी औपचारिकताएं पूर्ण कीं।

जनस पर्क मंत्री एवं रीवा से नवनिर्वाचित विधायक राजेंद्र शु ला ने शनिवार को विधानसभा पहुंचकर प्रमुख सचिव से सौजन्य भेंट की। प्रमुख सचिव ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात शु ला ने नवीन विधानसभा गठन संबंधी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कीं। विधानसभा पहुंचने वाले अन्य प्रमुख सदस्यों में राजकुमार कर्राह, मनोज चौधरी, विक्रम सिंह, अनिरुद्ध मारू, चैतन्य कश्यप, कमल मर्सकोले, नागर सिंह चौहान, जगन्नाथ सिंह, प्रियंका पेंची, संदीप जायसवाल एवं डॉ मोहन यादव ने विधानसभा पहुंचकर सोलहवीं विधानसभा के गठन संबंधी समस्त औपचारिकताएं पर्ण कीं।

## धीरज साहू पर कार्यवाही के मूड में कांग्रेस

नई दिल्ली :- इनकम टै स डिपार्टमेंट (IT) ने झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से 300 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किया है. इसको लेकर कांग्रेस हरकत में आ गई है. सूत्रों के मुताबिक मामले में पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (JPCC) से रिपोर्ट मांगी है.



वहीं, इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार (9 दिसंबर) को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया. सोशल मीडिया प्लेटफटर्म ऐ स पर अमित मालवीय ने एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें राहुल गांधी कांग्रेस सांसद धीरज साहू के साथ दिख रहे हैं।

**कांग्रेस भ्रष्टाचार की दुकान**

वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ÷राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा वास्तव में भारत के चोरों को जोड़ने की यात्रा थी. कांग्रेस भ्रष्टाचार की दुकान है. झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के परिसर से लगभग 300 करोड़ रुपये बरामद हुए इसका जीता जागता सबूत है।

**अलमारी में मिले करोड़ों रुपये**

इससे पहले आईटी ने साहू के ओडिशा और झारखंड स्थित ठिकानों पर छापेमारी की. इस दौरान विभाग को अलमारी में करोड़ों रुपये मिले.छापेमारी के दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कैश देखा जा सकता है. आईटी विभाग के अधिकारी तीन दिन से नोट गिन रहे हैं. न्यूज एजेंसी के मुताबिक अधिकारियों को इन पैसों को कोई हिसाब-किताब नहीं मिला ।

**कांग्रेस नेता की कंपनियों पर छापेमारी**

गौरतलब है कि आयकर विभाग की टीम ने बुधवार (6 दिसंबर) को ओडिशा के बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों पर छापेमारी की. इन कंपनियों का संबंध कांग्रेस सांसद धारज साहु से है. इसके अलावा विभाग ने कांग्रेस नेता की कंपनी बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड पर भी छापेमारी की.

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की तो मोदी भ्रष्टाचारियों के खात्मे की गारंटी - आलोक

सिवनी यशो :- पर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने के आरोप लगाते हुये सिवनी नगर

**जनता से लूटे हुए पैसे का हिसाब- किताब हर रोज लिया जायेगा, ये मोदी की गारंटी है कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला नोटों का पहाड़**

भाजपा के उत्तर और दक्षिण मंडल ने कचहरी चौक में संयुक्त कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस के राज्य सभा सांसद धीरज साहू का पुतला जलाया और कहा कि कांग्रेस के इस सांसद के पास अनैतिक रूप से कमाये गयी इतनी बड़ी राशि प्राप्त हुई है कि उसे नोट गिनने की मशीने भी नहीं गिन पा रही है और फिर कांग्रेस ईमानदारी का चोला ओढ़कर देश में मुहब्बत की दुकान चलाने की बात करती है भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने इस अपने संबोधन में कांग्रेस से सवाल किया कि कांग्रेस यह बताये कि धीरज साहू जो कि कांग्रेस का नेता है यह किसका एटीएम है । भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि श्री दुबे ने कहा कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज



साहू के झारखंड, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल स्थित ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी 6 दिसंबर से चल रही है। अब तक उनके पास से अलमारियों में सजा के रखे करीब 300 करोड़ रुपये कैश मिल चुके हैं,गिनती जारी है जो अब तक इस तरह के छापों में बरामद हुई सबसे बड़ी नकद राशि है। नोटों के बंडल अभी भी इतनी बड़ी तादाद में मिल रहे हैं कि उनकी गिनती के लिए कई मशीनें मंगानी पड़ी है। कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के नेता जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था, गरीबों की कमाई और नागरिकों के अधिकारों को दीमक की तरह खा रहे हैं, इस घटना से एक बार फिर ये साबित हो गया है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है और कांग्रेस का हाथ भ्रष्टाचारियों के साथ है। कांग्रेस अगर भ्रष्टाचार की गारंटी है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से भ्रष्टाचारियों के खात्मे की गारंटी हैं। इन भ्रष्टाचारियों से जनता की कमाई की पाई-पाई तो वसूल की जाएगी साथ ही इन्हें जेल भी जाना पड़ेगा । कांग्रेस को देश की जनता को बताना होगा कि आखिर कांग्रेस का ये सांसद धीरज साहू कांग्रेस में किसका एटीएम है.?

**÷धीरज साहू आखिर कांग्रेस में किसका एटीएम है÷**

जिला भाजपा अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि धीरज साहू को दो बार लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस पार्टी ने झारखंड से राज्यसभा से सांसद बनाया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी धीरज साहू उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चला,सोशल मीडिया पर उसके चित्र चल रहे है,` या यही मोहब्बत की दुकान थी, जिस पर भ्रष्टाचार का कारोबार चल रहा था? श्री दुबे ने कहा कि धीरज साहू के ठिकानों से करीब 10 अलमारियों में से 300 करोड़ से अधिक की नकदी मिलने के बावजूद कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि धीरज साहू के पास इतना कैश कहां से आया? कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को यह स्पष्ट करना चाहिए कि धीरज साहू किसका एटीएम था?

**÷कांग्रेस, करप्शन और कैश एक दूसरे के पर्याय÷**

सिवनी जिला भाजपा अध्यक्ष श्री दुब ने कहा कि कांग्रेस, करप्शन और कैश एक दूसरे के पर्यायवाची बन गए हैं। मध्य प्रदेश के अंदर मिस्टर बंटाधार के बारे में कांग्रेस सरकार के एक मंत्री ने ही यह कहा था कि वे सबसे बड़े शराब माफिया, सबसे बड़े रेत माफिया और सबसे बड़े भ्रष्टाचारी हैं। वहीं,एक को तो करप्शन नाथ ही कहा जाने लगा है। उन्होंने तो वल्लभ भवन को दलाली का अड्डा बना दिया था। जनता कांग्रेस को पहचान चुकी है,यही कारण भी रहा कि हुए विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को आईना दिखा दिया है।

**÷सारी मोहब्बत बिक गई, हिंदुत्व और सनातन के लिए नफरत बची है÷**

श्री दुबे ने अपने ओजस्वी और आक्रोशित उद्बोधन में कहा कि धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ रुपये तो मिल चुके हैं, यह आंकड़ा कहां तक पहुंचेगा इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता` योंकि गिनती अभी जारी है। कांग्रेस के इस सांसद के पास इतनी नकदी आखिर आई कहा से ? श्री दुबे ने कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान की जो फेंचाइज धीरज साहू के पास थी, वहां से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। इससे लगता है कि इस फेंचाइज से सारी मोहब्बत बिक चुकी है और कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में अब सिर्फ हिंदुओं और सनातन के प्रति नफरत ही बाकी है।

**÷कार्रवाई होती है तो शोर मचाते हैं घमंडिया गठबंधन के नेता÷**

श्री दुबे ने कहा कि आज इस देश के अंदर घमंडिया गठबंधन के नेता भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और लूट खसोट की गारंटी बन गए हैं। लेकिन जब इनके खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियां कार्रवाई करती हैं, तो घमंडिया गठबंधन के ये भ्रष्टाचारी नेता एकजुट होकर इन एजेंसियों पर आरोप लगाते हैं, इनकी छवि खराब करने का प्रयास करते हैं। चाहे ईडी हो या सीबीआई हो, ये सभी एजेंसियां संवैधानिक संस्थाएं हैं और किसी सरकार या नेता के इशारे पर काम नहीं करतीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और बेईमानों को ब शा नहीं जाएगा, ये मोदी की गारंटी है।

कचहरी चौक में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला संगठन के अनेक नेतागण और दोनो नगर मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

## समता सैनिक दल ने डॉ.अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी

**भेदभाव मिटाने और ज्ञान का प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया**



सिवनी यशोः- हमारे संपूर्ण देश में परम पूज्य बाबा साहेब डॉ टर बी आर अंबेडकर का 68 व महापरिनिर्वाण दिवस स्थानीय डॉ आंबेडकर चौक कले ट्रेट सिवनी के समीप सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 तक समता सैनिक दल के जिला अध्यक्ष मार्शल जीडी बौद्ध की अध्यक्षता में मनाया गया जिसे मार्शल डीएस डॉट एमडी मेश्राम डॉ बी सी ओके मानक लाल मुरापे मनोहर डेहरिया गजेंद्र मेश्राम अंगद सिंह बघेल रवि मेश्राम आर डी गजभिए किरण प्रकाश ओमप्रकाश बोर्ड डीडी वासनिक आदि ने संबोधित किया । समता सैनिक दल के जिला अध्यक्ष जेडी बौद्ध ने बाबा साहेब द्वारा समता समानता और बंधुत्व भाईचारा की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचने का आग्रह किया वैसे ही ऑल इंडिया समता सैनिक दल मध्य प्रदेश के प्रांतीय सचिव एडवोकेट सुरेंद्र बार माटे ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शन किया ।

इस कार्यक्रम में करण कोकोडिया देवेश उइके भूपेंद्र टेकाम अभय तिडके आ बी बागडे आरती भालेकर ज्योति डोंगरे विकास चौरे रोहित मेहरौलिया सुशील अग्रवाल अशोक नामदेव राजू यादव करण बार मेट विनय हिरकनों मोतीराम बघेल अशोक हिरकानों अशोक डेहरिया अंकित बार मेट एचडी गोलाइट वीरेंद्र डोंगरे की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही की सुबह से भरी बरसात में भी सैकड़ो लोगों ने अंबेडकर चौक में आकर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर को माल्यार्पण करते हुए नमन किया साथ ही शाम के समय मोमबत्ती जलाकर संसार में ज्ञान का प्रकाश हो और भेदभाव एवं अंधकार का समूल उन्मूलन करने का संकल्प लिया।

## लक्ष्मण यादव की सेवाएँ बहाल करने सौंपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ टर लक्ष्मण यादव गोल्ड मेडलिस्ट की सेवाएं बहाल करने के लिए ऑल इंडिया समता सैनिक दल सिद्धार्थ बुद्ध विहार पिछड़ा वर्ग संगठन अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग संगठन अनुसूचित जाति परिषद महिला फेडरेशन डहेरिया झरिया समाज संगठन के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति महोदय भारत सरकार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ टर लक्ष्मण यादव की सेवाएं बहाल करने हेतु कले टर सिवनी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन सौंपते समय डीडी वासनिक डॉ बी सी यू के एडवोकेट सुरेंद्र बरमाते एचडी गोलाइत जीडी भालेकर ,डी एस डॉट एमडी मेश्राम राजेंद्र जैसवाल किरण प्रकाश गुलाब मेश्राम अशोक डहरिया पंजू चौधरी मनोहर डेहरिया आदि ने मिलकर कले टर के प्रतिनिधि तहसीलदार सिवनी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

प्रोफेसर डॉ टर लक्ष्मण यादव को आरएसएस की विचारधारा के अनुसार नहीं चलने शाखा में न जाने तथा अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक समुदाय के लिए आवाज उठाने के लिए उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय से द्वेषवश निकाल दिया गया है जिसका पूरे देश से विरोध किया जा रहा है एवं डॉ टर लक्ष्मण यादव को तत्काल बहाल करने की मांग की जा रही है यह भारत के प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने के षड्यंत्र का नमूना है जिसका देशव्यापी पुरजोर विरोध किया जा रहा है।


## ट्रक और पिकअप की टक्कर 05 घायल

सिवनी यशोः- जिला सिवनी के थाना धूमा के अंतर्गत गरघटिया माल मे ट्रक और पिकअप का ऐ सीडेंट हो जाने से 05 व्यक्ति घायल हो गए थे । पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 08-12-2023 को प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल सिवनी जिले के धूमा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-112/100 स्टाफ प्रधान आरक्षक राधेकृष्ण उपाध्याय एवं पायलेट अखलेश साहू ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि ट्रक और पिकअप की टक्कर हो जाने से 05 घायलों को डायल-112/100 स्टाफ ने एफ़. आर. व्ही वाहन से ले जाकर धूमा अस्पताल मे भर्ती करवाया । जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है। अग्रिम कार्यवाही थाने द्वारा की जा रही है।

## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशोः- अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास जिला मंडला ने ग्राम ग्वारा निवासी सुमती बाई की 17 अगस्त 2023 को पानी में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान संचो बाई पति मनीराम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

## जबरन नॉलेज




## जनता से भाजपा ने जो वायदे किये है उन्हें पूरा कराने कांग्रेस करेगी संघर्ष

### हार की समीक्षा के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्त्ताओं से कहा जनता की लड़ाई हमें मजबूती से लड़ना है

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा सिवनी विधानसभा के जिला, ब्लाक, मंडलम, से टर, मोर्चा, प्रकोष्ठ विभाग के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी भी उपस्थित रहें, बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों ने अपने अपने सुझाव रखें। प्रत्येक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत तो बढ़ रहा है लेकिन विजयश्री हासिल नही हो रही है, भाजपा के निर्वाचित विधायको द्वारा ऐसा कोई कार्य नही किया गया जिससे मतदाता प्रभावित होकर उन्हें बार-बार विजयी कराये उसके बावजूद भी भाजपा के विधायक का विजयी होना सिवनी विकास में बाधक ही रहेंगा, पिछले अनेक वर्षो का भाजपा विधायक का कार्यकाल सिवनी की जनता देख चुकी है। कांग्रेस प्रत्याशी एवं संगठन द्वारा पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा गया।

कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी द्वारा सिवनी विधानसभा के प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, कांग्रेस जन का ह्रदय से आभार व्यक्त किया जिन्होंने पूरी ताकत के साथ चुनाव में सहयोग किया, साथ ही सिवनी विधानसभा के मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया।

खुराना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनहित के मुद्दे उठाये है और हमेशा उठाते रहेंगे, अब प्रत्येक कांग्रेसी कार्यकर्ता को भाजपा के चुनावी घोषणा अनुरूप लाड़ली बहना को 3000 हजार रू. प्रति माह, 450 रू. में गैस सिलेंडर, 3100 रू. प्रति क्विंटल धान का मूल्य, 2700 रू. प्रति क्विंटल गेहूँ का मूल्य और अनेक लोकलुभावन घोषणाओं को पूरा कराने के लिए संघर्षरत रहना है` योंकि हमेशा ही भारतीय जनता पार्टी ने झूट बोलकर, झूटी घोषणाएँ कर जनमत हासिल करते आ रहें है। यदि घोषणाओं का पालन अतिशीघ्र नही किया तो कांग्रेस पार्टी सड़को पर उतर कर जनता से किये गये वादो को पूरा कराने की लड़ाई लड़ेगी।

## मोहन चंदेल फिर निष्कासित



सिवनी यशोः-मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं कांग्रेंस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अर्जुनसिंह काकोडिया विधानसभा क्षेत्र बरघाट द्वारा मोहनसिंह चंदेल की पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न रहकर अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी के विरोध में कार्य किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मोहन सिंह चंदेल को 6 वर्ष के लिए कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किया गया है। यहाँ बता दें कि मोहन सिंह चंदेल को कुछ दिनों पूर्व ग्राम निकाय चुनाव के समय निष्कासित किया गया था बाद उनका निष्कासन रद्द किया गया था परंतु चुनाव समाप्त होते ही उन्हें पुनः निष्कासित कर दिया गया है

## अब यदि गलती मिली तो निलबंन की कार्यवाही होगी - शिक्षा अधिकारी

**परीक्षा प्रारंभ है पर शिक्षक अभी भी गंभीर नहीं अनेक विद्यालयों से गायब मिले शिक्षक और प्राचार्य**



सिवनी यशोः- लोक शिक्षण संचनालय के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय शाला में अर्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है । परीक्षाओं के निरीक्षण हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे, आर. पी.पाटिल सहायक संचालक , आर आर मेहता सहायक संचालक , विपनेश जैन adpc , द्वारा प्रथक प्रथक वाहनों से आज दिनांक 09.12. 23 को शालाओं मऊ, बहरई, पांडिया छपारा , जेवनारा , कनारी, सरेखा , सकरी, घूरवाड़ा , उगली, मोहबर्रा , बंडोल भोंगाखेडा , ऊर्दू , मठ , गोपालगंज, बिंझावाडा , का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें अनेक संस्थाओं में कुल 31 शिक्षक एवं 05 प्राचार्य अपने निर्धारित समय से शालाओं में अनुपस्थित पाए गए सभी अनुपस्थित शिक्षकों का तीन दिवस का वेतन एवं प्राचार्य का पांच दिवस का वेतन काटने का दंड दिया गया है । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा गया कि परीक्षा जैसे गंभीर कार्य में भी लापरवाही बरतना अत्यंत खेत जनक है। स्पष्ट निर्देशों के उपरांत भी प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा परीक्षा संपन्न कराने हेतु विलंब से शालाओं में उपस्थित होना, कर्तव्यों के प्रति घोर स्वेच्छाचारीता एवं लापरवाही को प्रदर्शित करता है जो कि किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं है । पुनः समस्त प्राचार्यो, शिक्षकों को समझाइश दी जाती है की छात्र हित में पूर्ण सजगता के साथ निष्ठ पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें । अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतान को तैयार रहे । किसी भी शिक्षक की दुवारा गलती मिलने पर निलंबन की कार्यवाही की जावेगी ।

# बच्चे हो रहे निमोनिया के शिकार, चीन के माइक्रो प्लाज्मा निमोनिया को लेकर अलर्ट जारी

भोपाल। राजधानी में बदलते मौसम के बीच सर्दी का असर देखने शुरू हो गया है दरअसल शहर में बच्चों में सर्दी जुकाम तेज बुखार और श्वसन संबंधी दिक्कत है देखने को मिल रही है। पिछले 48 घंटे में निमोनिया से ग्रस्त कई बच्चे गंभीर रूप से अस्पताल में भर्ती किए गए है। राजधानी भोपाल के जयप्रकाश नारायण अस्पताल में इन दोनों शिशु रोग विभाग में बड़ी सं या में मरीज पहुंच रहे हैं अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ का कहना है कि तापमान में हो रहे बदलाव के कारण बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। ओपीडी में मरीज की सं या बीते सप्ताह 800 के 900 के बीच थी। लेकिन अब यह सं या बढ़कर 1300 तक पहुंच गई है। कई बच्चों में पेट दर्द, उल्टी, दस्त की शिकायत भी मिल रही है।` या है हमास के इस डॉ यूमेंट का सच? जो मीनाक्षी लेखी के नाम से हो रहा वायरल जेपी अस्पताल के डॉ आरके श्रीवास्तव सिविल सर्जन ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों के तेज बुखार गले में खराश आंखों में जलन आंख व नाक से पानी आना, मुंह लाल होना, चिड़चिड़ापन, सांस लेने में अवरोध, जीभ, होठ या शरीर नीला पड़ने के भी लक्षण देखे जा रहे हैं। देखा जाए तो ओपीडी में मौसमी बीमारियों से ग्रस्त होकर आने वाले 10 फ़ीसदी मरीज में निमोनिया पाया जाता है। राहत की बात यह है कि बच्चे 4 से 6 दिन में ठीक हो रहे हैं। नवजात में ऐसे केस मिल रहे हैं, परिजन को सावधान रहने की जरूरत है। निमोनिया या अन्य मौसमी बीमारियों के केस लगातार सामने आ रहे हैं उनसे घबराने की जरूरत नहीं है। चीन में पाए गए माइक्रो प्लाज्मा निमोनिया को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इस वायरस से निपटने के लिए सभी सुविधाएं मौजूद है। सावधानी बरतें परिजन स्क्कविधानसभा को मालवा-निमाड़ से मिल सकता है अध्यक्ष या उपाध्यक्ष, ये हैं रेस में आगे स्वास्थ्य खराब होने पर लक्षणों की अनदेखी नहीं करें तुरंत डॉ टर को दिखाएं घरेलू उपचार के चक्कर में नहीं फंसे बच्चे के खानपान का पूरा याल रखें बीमार बच्चों को दूसरे बच्चे से अलग रखें हरी सब्जी, फल खिलाए पानी खूब पिलाएं नवजात को मां का दूध पिलाएं

## अपर मु य सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति का गठन

भोपाल राज्य शासन ने गणतंत्र दिवस परेड वर्ष 2024 से 2026 नई दिल्ली में प्रदेश की झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन कार्य में समन्वय करने के लिए अंतर्विभागीय समिति का गठन अपर मु य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग की अध्यक्षता में किया है। समिति में प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन, सचिव, जनसंपर्क को सदस्य बनाया गया हैं। आयुक्त, जनसंपर्क समिति के सदस्य सचिव होंगे।

समिति में समय-समय पर आवश्यकता अनुसार अन्य विभागों के विभाग प्रमुखों को स मिलित किया जा सकेगा।

# वंचित और आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुँचेगा योजनाओं का लाभ

**जन-सामान्य में योजनाओं के प्रति आयेगी जागरूकता यात्रा को परिणाममूलक बनाने 4 स्तर पर समितियाँ गठित**

भोपाल । जन-कल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुँचाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा'' निकाली जा रही है। इस यात्रा से यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रमुख योजनाओं के प्रति जन-सामान्य में जागरूकता पैदा हो। यात्रा के दौरान योजनाओं का फीडबेक भी लिया जायेगा। साथ ही योजनाओं संबंधी आवेदन प्राप्त कर लाभार्थियों का नामांकन एवं चयन होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा को शत-प्रतिशत परिणाममूलक बनाने के लिये 4 स्तर पर समितियाँ गठित की गई हैं।

**जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिये जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित की जायेगी। यह समिति तिथिवार, पंचायतवार रूटचार्ट एवं कार्यक्रमों का निर्धारण करेगी। जिले से कार्यक्रम की मॉनीटरिंग, प्रचार-प्रसार, समन्वय एवं रिपोर्टिंग आदि का कार्य करेगी। इस समिति में जिला कले टर अध्यक्ष होंगे। मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य सचिव एवं समिति के सदस्यों में विकास विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, भारत सरकार के अधीन विभाग के 2 नामित सदस्य, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं कले टर द्वारा नामित अन्य सदस्य शामिल होंगे।

**नगरीय निकाय स्तर की समिति**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिये द्वितीय स्तर पर नगरीय निकाय स्तरीय समिति गठित की जायेगी। नगरपालिका एवं नगर निगम में कले टर अध्यक्ष होंगे और नगर परिषदों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अध्यक्ष बनाया गया है। आयुक्त नगरपालिक निगम अथवा मु य नगरपालिका अधिकारी (नगर परिषद) सदस्य सचिव होंगे। विकास विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सदस्य होंगे। इसके अलावा कले टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं आयुक्त नगरपालिका द्वारा नामांकित अन्य सदस्य समिति के सदस्य होंगे। यह समिति नगरीय क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम की मॉनीटरिंग, प्रचार-प्रसार, समन्वय, रिपोर्टिंग आदि कार्य करेगी।

**जनपद पंचायत स्तरीय क्रियान्वयन समिति**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग के लिये जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित की जायेगी। इस समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे एवं मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समिति के सदस्य सचिव होंगे। विकास विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा नामांकित व्यक्ति समिति के सदस्य होंगे।

**ग्राम पंचायत स्तरीय समिति**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर समिति गठित की जायेगी। ग्राम पंचायत के सरपंच समिति के अध्यक्ष होंगे एवं पंचायत सचिव समिति के सदस्य सचिव तथा विकास विभागों के समस्त पंचायत स्तरीय अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

# सीएम शिवराज से मिलीं समीना बी, बीजेपी को वोट देने पर देवर ने की थी पिटाई

**सीहोर जिले की रहने वाली समीना बी को मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुरक्षा का आश्वासन दिया है। उन्होंने समीना से उनका हाल-चाल जाना और परिवार का पूरा ध्यान रखे जाने की बात कही।**



भोपाल। बीजेपी को वोट करने पर परिवार के सदस्यों की प्रताड़ना झेलने वाली सीहोर की समीना बी ने शनिवार को मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। समीना बी अपने बच्चों के साथ भोपाल स्थित सीएम हाउस पहुंची थीं। समीना बी ने अपने साथ हुई मारपीट की पूरी घटना की जानकारी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दी। उन्होंने सीएम को बताया कि आपने मेरे और मेरे परिवार की चिंता की है, इसलिए मैं आगे भी बीजेपी को वोट दूंगी।

दरअसल, मु यमंत्री चौहान को जानकारी प्राप्त हुई थी कि बीजेपी को वोट देने पर लाड़ली बहना समीना बी के साथ मारपीट की गई है। उसे परिवार के सदस्यों ने बीजेपी को वोट देने पर प्रताड़ित किया है। ऐसे में सीएम शिवराज ने उसे मु यमंत्री निवास बुलाकर उससे चर्चा की। उसका हाल जाना और उसे सुरक्षा और स मान देने को लेकर आश्वस्त किया।

**ये है पूरा मामला**

समीना बी सीहोर के ग्राम बाजार बरखेड़ा की रहने वाली हैं। विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद चार दिसंबर को वह अपने बच्चों के साथ बीजेपी की जीत का जश्न मना रही थीं। तभी उनके देवर जावेद ने लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी थी। उनका देवर जावेद बीजेपी को वोट देने से नाराज था। इसलिए उसने समीना बी को पीटा था। इसके बाद समीना की शिकायत पर अहमदपुर थाने में पुलिस ने देवर जावेद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया। लेकिन पुलिस ने उसकी गिर तार नहीं की थी। इसके बाद समीना ने सीहोर कले टर को आवेदन दिया और इंसाफ की गुहार लगाई थी।

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीना से चर्चा में कहा कि वोट देना तु हारा अधिकार है। तुमने वोट देकर अपने अधिकार का उपयोग किया है। भारत के संविधान में हमें यह अधिकार दिया गया कि हम किसी को भी वोट दे सकते हैं। मु यमंत्री ने समीना और उनके परिवार की सुरक्षा व रोजगार की व्यवस्था की बात कही। उन्होंने समीना से कहा कि यह तु हारा घर है। भाई का घर मतलब बहन का घर। सीएम ने समीना के बच्चों से भी चर्चा कर उनके खाने-पीने के बारे में पूछा।

# उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में द्वापरयुग जैसी दिखेगी श्रीकृष्ण की पाठशाला



उज्जैन। धर्मधानी उज्जैन में धार्मिक पर्यटन को नए पंख लगने जा रहे हैं। मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सांदीपनि आश्रम में द्वापरयुग के समान भगवान की पाठशाला विकसित की जा रही है। यहां आकर भक्तों को ग्रामयुगीन गुरुकुल परंपरा के दर्शन होंगे। नए साल 2024 में भक्त इसके दर्शन कर सकेंगे।

इसके लिए भक्तों को 20 रुपये शुल्क चुकाना पड़ेगा। मान्यता है कि द्वापरयुग में भगवान श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई बलदाऊ के साथ उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने आए थे। भगवान गुरु आश्रम में 64 दिन रहे। इस दौरान उन्होंने गुरु सांदीपनि से 16 कला व 64 विद्या का ज्ञान प्राप्त किया।

**मिलने से रोकने के इंतजाम नहीं**

आज भी सैकड़ों भक्त यहां भगवान श्रीकृष्ण व पाठशाला के दर्शन करने आते हैं। वर्तमान में सांदीपनि आश्रम में भक्तों को मुनि सांदीपनि से शिक्षा ग्रहण करते भगवान बलराम, श्रीकृष्ण व सुदामाजी के दर्शन होते हैं। लेकिन पाठशाला का स्वरूप नजर नहीं आता है। आश्रम में कृष्णकाल को जीवंत करने के लिए मप्र संस्कृति विभाग द्वारा परिसर में गोमती कुंड के समीप पुरातन स्वरूप में गुरुकुल का निर्माण कराया जा रहा है।

विभाग द्वारा यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुविधा घर, कैंटीन आदि का निर्माण कराया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी वस्तुओं का विक्रय केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।

**कैंटीन का विरोध कर रहे प्रबुद्धजन**

मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा उज्जैन के गोमती कुंड के समीप कैंटीन बनाया जा रहा है। इसका प्रबुद्धजन व मंदिर व्यवस्था से जुड़े लोग विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि पुराण प्रसिद्ध गोमती कुंड के समीप कैंटीन बनाने से कुंड की पवित्रता नष्ट हो जाएगी। लोग इसके आसपास जूठन आदि फेंकेंगे।

विभाग पाठशाला विकसित करे लेकिन सुविधा घर, कैंटीन आदि यहां नहीं बनाना चाहिए। मामले में संस्कृति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे शासन द्वारा स्वीकृत योजना का क्रियान्वयन करवा रहे हैं। निर्माण बंद करना या प्लान में परिवर्तन उनके हाथ में नहीं है। जिन लोगों को यह अनुचित लगता है, उन्हें शासन स्तर पर बात करना पड़ेगी।

**ग्रामीण परिवेश में होगा निर्माण**

त्रिवेणी संग्रहालय के प्रभारी अधिकारी अशोक मिश्रा के अनुसार विकसित की जा रही पाठशाला में भक्तों को द्वापरयुग के दर्शन होंगे। भगवान श्रीकृष्ण ने आश्रम में रहकर मुनिश्रेष्ठ सांदीपनि से या सीखा, यह बताने के लिए युरल वाल का निर्माण हो चुका है। संस्कृति विभाग एक चित्र प्रदर्शनी का निर्माण पूर्व में ही कराया जा चुका है। अब इस स्थान को प्राचीन गुरुकुल परंपरा के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## पट्टे की जमीन को लेकर मां-बेटी पर जानलेवा हमला, पांच लोगों के खिलाफ एट्रोसिटी ऐ ट में केस दर्ज

उज्जैन। उज्जैन में माकड़ौन थाना क्षेत्र के कपेली गांव में महिला व युवती की लट्ठ से पिटाई किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। गंभीर हालत में युवती व उसकी मां को उज्जैन के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां आईसीयू में युवती भर्ती है। घटना के बाद पुलिस ने गुर्जर समुदाय के पांच लोगों के खिलाफ एट्रोसिटी ऐ ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। माकड़ौन के कपेली गांव में हुई महिला, युवती व उसके परिवार की पिटाई का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने गोपाल मोंगिया निवासी अहिल्या बावड़ी ग्राम कपेली की रिपोर्ट पर गांव के शिवलाल गुर्जर, जगदीश गुर्जर, बद्रीलाल गुर्जर, अजय गुर्जर, होकम सिंह गुर्जर के खिलाफ केस दर्ज किया है। अनिता व उसकी मां लाड़कुंवर उज्जैन के निजी अस्पताल में आईसीयू में उपचाररत है। अनिता की बहन विष्णुबाई ने बताया कि गांव मे उन्हें दो बीघा जमीन का पट्टा शासन से मिला है,

# कांग्रेस में बड़ी सर्जरी की तैयारी, विभाग अध्यक्षों पर भी गिर सकती है गाज



भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस में बड़ी सर्जरी की तैयारी है। विधानसभा वार समीक्षा रिपोर्ट आते ही पार्टी हाईकमान ऐ शन लेगा। विधान सभा चुनाव में हुई करारी हार के बाद पार्टी ने सभी प्रत्याशियों से 10 दिन के भीतर दो रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा है। इसमें एक रिपोर्ट में विधानसभा में हुए चुनाव का विश्लेषण करना है जबकि दूसरी रिपोर्ट में संगठन की खामियां और भीतरघात करने वालों के नाम बताना हैं। इसके बाद पार्टी हाईकमान इन नामों पर कार्यवाही करते हुए इन्हें पद से हटाने के साथ ही पार्टी से बाहर का रास्ता भी दिखा सकता है। इसके साथ विभाग अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और प्रभारी भी नपना तय हैं।

बता दें, कांग्रेस को विधान सभा चुनाव में सिर्फ 66 सीटें मिली हैं जबकि कांग्रेस प्रदेश में सरकार बनाने का दावा कर रही थी।

**बदले जाएंगे जिला अध्यक्ष और प्रभारी**

बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश में पार्टी आलाकमान ऊपर से लेकर नीचे तक बदलाव के मूड में है। ऐसे में कई जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों को भी बदला जाएगा। उनके स्थान पर किसी नए को जि मेदारी दी जायेगी। इसके साथ ही बूथ पर पार्टी को मजबूत करने की दृष्टि से कार्य किया जाएगा।

**विभाग अध्यक्षों पर भी गिरेगी गाज**

कांग्रेस के विभाग अध्यक्षों पर भी गाज गिरना तय माना जा रहा है। संगठन स्तर पर महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, मीडिया सहित अन्य विभाग के कामों की भी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इन विभागों ने चुनाव के दौरान कैसा काम किया इसकी विस्तृत जानकारी मांगी गई है। इसके आधार पर इनके प्रमुखों का भाग्य निर्धारित होगा। इसके साथ ही इन विभागों के प्रभारियों से भी सवाल जवाब किए जाएंगे।

**दिल्ली में हुई है बैठक**

इधर, दिल्ली में शुक्रवार रात को पार्टी हाईकमान ने मध्यप्रदेश की हार पर मंथन किया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित तमाम बड़े नेता शामिल रहे। इसमें भी संगठन में सुधार किए जाने की बात सामने आई।

# 31 दिसंबर तक किसान रबी फसलों का बीमा करा सकते हैं, बीमा दर निर्धारित

सीहोर। सीहोर जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कृषकों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषि विभाग ने बताया कि कृषक भाइयों को सूचित किया गया है कि योजनांतर्गत रबी 2023 के लिए सभी ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर, बटाईदार किसानों के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 है।

जिला स्तर पर जिन फसलों को अधिसूचित किया गया है उनके प्रीमियम एवं बीमित राशि प्रति हे टेयर अनुसार दर निर्धारित की गई हैं। गेहूं सिंचित के लिए 765 प्रति हे टेयर, गेहूं असिंचित के लिए 540 प्रतिहे टेयर, चना के लिए 514.50 प्रतिहे टेयर एवं राई, सरसों के लिए 450 प्रति हे टेयर दर निर्धारित है। ऋणी किसानों का फसल बीमा संबंधित बैंक शाखा द्वारा अनिवार्य रूप से करा दिया जाता है एवं आऋणी कृषक फसल बीमा के लिए बैंक, एमपी ऑनलाइन, जनसेवा केन्द्र सीएससी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं।

किसानों को बीमा कराने के लिए अनिवार्य दस्तावेज आधार कार्ड नवीनतम, मोबाइल न बर, बैंक पासबुक जिसमें किसान का नाम, खाता सं या, आईएफएससी कोड स्पष्ट हो, खसरा-बी-1 नवीनतम, खसरा अनुसार बोई गई फसल का प्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र, किरायेदार किसान के लिए किरायानाम का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा होने पर 72 घंटे के अंदर कृषक सीधे अथवा अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से टोल फ्री न बर 18002337115 पर नुकसानी की जानकारी दे सकते है। किसान भाईयों से अनुरोध किया गया है कि अतिवृष्टि, बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में 72 घंटे के अंदर कॉल करें एवं नुकसानी तिथि व वास्तविक आपदा की स्थिति भी दर्ज करें।

# शिवराज, नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद पटेल समेत मु यमंत्री की रेस में 6 नाम



**मध्य प्रदेश में मु यमंत्री कौन होगा इसको लेकर चल रही तमाम अटकलों के बीच भाजपा विधायक दल की बैठक सोमवार को शाम सात बजे बुलाई गई है। इसमें मु यमंत्री के नाम को लेकर प्रस्ताव रखा जाएगा। ताजा स्थितियों के अनुसार मतगणना के नौवें दिन मु यमंत्री को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी। एक ह ते से सभी जगह केवल कयासों का दौर चल रहा है।**

भोपाल। मध्य प्रदेश में मु यमंत्री कौन होगा, इसको लेकर चल रही तमाम अटकलों के बीच भाजपा विधायक दल की बैठक सोमवार को शाम सात बजे बुलाई गई है। इसमें मु यमंत्री के नाम को लेकर प्रस्ताव रखा जाएगा।

उधर, भोपाल में नवनिर्वाचित विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने मु यमंत्री के प्रश्न पर कहा कि कोई असमंजस नहीं है। पार्टी की अपनी प्रक्रिया है। आपको उसका इंतजार करना होगा।

ताजा स्थितियों के अनुसार, मतगणना के नौवें दिन मु यमंत्री को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी। एक ह ते से सभी जगह केवल कयासों का दौर चल रहा है। अटकलों का बाजार भी गर्म है। हर कोई अपने हिसाब से संभावित मु यमंत्री और उप मु यमंत्रियों के नाम बता रहा है।

**कौन बनेगा मु यमंत्री?**

सभी को मालूम है कि 'कौन बनेगा मु यमंत्री' का जवाब केवल प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पास ही है लेकिन फिर भी अलग-अलग फार्मूले के आधार पर नई सरकार के मुखिया के नाम पर चर्चा हो रही है। ऐसे कई फार्मूले चर्चा में हैं।

नरेंद्र सिंह तोमर मु यमंत्री तो प्रहलाद पटेल अध्यक्ष पार्टी यदि सवर्ण मु यमंत्री बनाती है तो ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग के साथ संतुलन बनाना चुनौती होगा। यदि पार्टी नरेंद्र सिंह तोमर को मु यमंत्री बनाने का फैसला करती है तो प्रहलाद पटेल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर सत्ता-संगठन में संतुलन बनाया जा सकता है। ऐसे में विष्णु दत्त शर्मा और निर्मला भूरिया को भी उप मु यमंत्री बनाया जा सकता है।

**शिवराज का नाम सबसे ऊपर**

अब भी शिवराज सिंह चौहान मु यमंत्री की दावेदारी में सबसे ऊपर हैं। केंद्रीय नेतृत्व लोकसभा चुनाव को लेकर गंभीर है और वह एमपी में कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा, ऐसी स्थिति में शिवराज सिंह पर ही दांव लगाकर पार्टी लोकसभा चुनाव में अच्छे परिणाम हासिल करने पर विचार कर रही है। शिवराज सिंह मु यमंत्री बने तो दो उप मु यमंत्री प्रहलाद पटेल व तुलसीराम सिलावट को बनाया जा सकता है।

**प्रहलाद बने मु यमंत्री तो कैलाश अध्यक्ष संभावित**

एक अन्य फार्मूले में प्रहलाद पटेल को मु यमंत्री बनाकर कैलाश विजयवर्गीय को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में दो उप मु यमंत्री विष्णु दत्त शर्मा और ओमप्रकाश धुर्वे बनाए जा सकते हैं। तब नरेंद्र सिंह तोमर को पुन¬ लोकसभा चुनाव लड़ाकर केंद्र में ले जाया जा सकता है। शिवराज सिंह ओबीसी वर्ग के अग्रणी नेता बनकर केंद्र में जा सकते हैं।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया मु यमंत्री तो धुर्वे और देवड़ा उप मु यमंत्री**

एक अन्य फार्मूले में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को मु यमंत्री बनाने की चर्चा है।

**इसमें एससी-एसटी वर्ग से एक-एक यानी कुल दो उप मु यमंत्री बनाए जा सकते हैं।**

ऐसे में ओमप्रकाश धुर्वे या निर्मला भूरिया और जगदीश देवड़ा या किसी एससी वर्ग के नए चेहरे को उप मु यमंत्री बनाया जा सकता है।

**राकेश सिंह या विष्णु दत्त शर्मा मु यमंत्री और दो उप मु यमंत्री**

गुजरात की तर्ज पर सारी कैबिनेट नए चेहरों के साथ बनाने की चर्चा है। राकेश सिंह या विष्णु दत्त शर्मा को मु यमंत्री, निर्मला भूरिया और ग्वालियर-चंबल से एससी वर्ग के विधायक को मु यमंत्री बनाकर

# पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 से 12 दिस बर

**प्रदेश के 16 जिलों में बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो की खुराक अभियान की आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करें - एमडी एनएचएम**

भोपाल । प्रदेश के 16 जिलों में 10 से 12 दिस बर, 2023 को पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जाएगा। अभियान में जीरो से 5 वर्ष आयु के लगभग 37 लाख 50 हजार बच्चों को पल्स पोलियो वै सीन की खुराक दी जायेगी। अभियान की सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने संबंधित सीएमएचओ, सिविल सर्जन और जिला टीकाकरण अधिकारियों को एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने निर्देश दिए हैं। डायरे टर एनएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शु ला ने बताया कि महिला-बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन, वन, पंचायत, आदिम जाति कल्याण, आयुष, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और डब्ल्यू.एच.ओ., यूनिसेफ, यूएनडीपी तथा अन्य स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के केस मिलने के कारण और साथ ही पोलियो-फ्री स्टेटस को मेंटेन रखने के लिये पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जा रहा है। प्रदेश के भिण्ड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगौन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा जिलों में अभियान संचालित होगा। इन जिलों में पोलियो दवाई पिलाने के लिये स्थानीय बूथ के साथ-साथ माइग्रेटरी पापुलेशन को कवर करने के लिये मोबाइल टीम भी गठित की जायेगी।

# योजनाओं का लाभ प्राप्तकर मिलती है जीने की नई ताकत- प्रधानमंत्री मोदी

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद मु यमंत्री श्री चौहान भी कार्यक्रम से जुड़े**

भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कुछ राज्यों के लाभार्थियों से संवाद किया। संवाद में उत्तराखंड, कश्मीर, बिहार और गुजरात के लाभार्थी शामिल थे। कार्यक्रम से मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी भोपाल से वर्चुअली जुड़े।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लाभार्थियों से संवाद के बाद अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हिन्दुस्तान के कोने-कोने में बसे नागरिकों तक पहुंचा है। योजनाओं का लाभ



मिलने से जीने की नई ताकत आ जाती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं की भागीदारी पर ध्यान दिया गया है। गत 15 नव बर से प्रारंभ इस यात्रा का तीन-चार सप्ताह में देश भर में अच्छा स्वागत हुआ है। इस यात्रा का उद्देश्य ऐसे लोगों तक पहुंचना है, जो सरकार की योजनाओं से अब तक नहीं जुड़ सके। अब तक देश की चालीस हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक जोड़ने में सफलता मिल चुकी है। मोदी की गारंटी की गाड़ी तक लोग पहुंच रहे हैं। पंचायतों ने स्वागत समितियां भी बनाई हैं। उत्तर भारत के कारगिल से लेकर दक्षिण भारत के ग्रामों तक और अंडमान निकोबार तक यह गाड़ी पहुंची है। राज्यों में यात्रा के तहत हेल्थ चेकअप कैंप लगे हैं। इसी तरह फिट इंडिया का संदेश पहुंचाया जा रहा है। करीब दो करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने के लिए अभियान संचालित हो रहा है। बहनों को ड्रोन पायलट बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि निर्धन वर्ग के लोग और किसान आदि हमारे लिए वीआईपी से कम नहीं हैं। योजनाओं के लाभ से नागरिकों को लाभान्वित कर शत प्रतिशत सेचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

प्रारंभ में केंद्रीय सूचना प्रसारण सचिव ने स्वागत उदबोधन दिया। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी, जनजातीय गौरव दिवस 15 नव बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रारंभ होने एवं इसके बाद 30 नव बर को यात्रा से जुड़े थे। आज वे तीसरी बार संवाद कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश में लगातार कार्य हो रहा है।

**मध्यप्रदेश में दो पंचायतों में पहुंचेगा एक वाहन**

मु यमंत्री श्री चौहान ने मु यमंत्री निवास से वीसी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम श्री नरेंद्र मोदी के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रभारी मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मु य सचिव श्री अशोक बर्णवाल एवं अन्य अधिकारियों से मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वरूप के संबंध में चर्चा की। बताया गया कि प्रदेश में दो पंचायतों तक एक वाहन पहुंचेगा। विभिन्न स्तरों की समितियां गठित हुई है और जिला, विकास खण्ड, ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर यात्रा से संबंधित गतिविधियां होंगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों से प्रदेश में किसानों के लिए खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी भी प्राप्त की।

## मत्स्य विभाग सिवनी द्वारा नदियों में छोड़े गए मत्स्य बीज



छपारा यशोः- मध्य प्रदेश सरकार की नदी मत्स्य समृद्धि योजना के अंतर्गत मत्स्य उद्योग विभाग सिवनी के द्वारा बिजना एवं शेड। नदी जो कि विकासखंड छपारा एवं लखनादौन से प्रभावित होती है गहरे दहारो में लगभग 100000 (एक लाख) फिंगर लिंक मत्स्यबीज का संचयन किया गया इसका मु य उद्देश्य संपदा की नदियों में वृद्धि जिससे स्थानीय मच्छुआरो को रोजगार मिल सके

यह कार्य विभागीय क्षेत्रीय अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं एवं गणमान्रय नागरिकों के समक्ष किया गया उपस्थिति में बिभाग क्षेत्रीय अधिकारी श्री सी एस ठाकुर एवं श्री बन्सोकर की देखरेख तथा उपस्थिति जनप्रतिनिधियों में श्री ओम राजपूत मंडल अध्यक्ष रामदयाल सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रभात सिंह जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनील झारिया जनपद सदस्य प्रदीप चोकसे मंडल उपाध्यक्ष आदि जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की के समक्ष किया गया

## मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक जीत की वरिष्ठ जनों ने एक दूसरे को मिठाई खिला दी बधाई



छपारा यशोः- भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने आज भारतीय जनता पार्टी की पूर्व सांसद विधायक श्रीमती नीता पटेरिया जी के निवास स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल जी अग्रवाल को फूलों का गुलदस्ता देकर ऐतिहासिक जीत पर खुशियां मनाएं सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर मिष्ठाई खिलाई गई इस अवसर पर पूर्व सांसद विधायक श्रीमती नीता पटेरिया वरिष्ठ भाजपा नेता बाबू लाल अग्रवाल जी सुबोध जैन राजेश जैन राजेश श्रीमाली नगर परिषद के उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह मुकेश मनमौजी सोहन कश्यप राघवेन्द्र नारायण पाठक लक्ष्मीकांत अग्रवाल डॉ टर खरे धर्मेंद्र जैन सुनील दत्त पाठक मुकेश रजक रफीक खान पत्रकार ललित सोनी आदि उपस्थित रहे ।

## टाइनी टोट्स स्कूल में बाल मेला का आयोजन



छपारा यशोः- महावीर व्यायाम शाला में संचालित पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक टाइनी टोट्स स्कूल संचालित है जहां नगर के छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं प्रतिवर्ष अनुसार स्कूल संचालक द्वारा बाल मेला का आयोजन 9 दिसंबर को आयोजित किया जाता है जहां पर छात्र-छात्राओं ने अनेक तरह की दुकान संचालित किया छात्र-छात्राओं के अभिभावकों सहित गणमान्य नागरिकों ने छात्र-छात्राओं की दुकानों से खाने-पीने के व्यंजन अन्य सामग्री सहित जनरल सामान्य खरीदा छात्र-छात्राओं ने इस बाल मेले में जमकर खरीद फरो त की इस बाल मेला इस तरह से संचालित किया गया था जहां झूले भी लगाए गए थे और वास्तविक रूप मेले दिख गया था जहां बच्चों ने अपने-अपने स्टॉल से कई हजारों रुपए की सामग्री बेचा बाल मेले के आयोजन से बच्चों का मनोरंजन और व्यापार करने का तरीका पर्याप्त मात्रा में प्राप्त हो जाता है। टाइनी टोटस स्कूल की संचालक श्रीमती रीना चौरसिया जी सहित पूरे स्टाफ की और छात्र-छात्राओं की इस बाल मेले में सराहनी योगदान रहा।

## गुनेरी गांव के पास बने नाले मे मिला शव पुलिस जांच में जुटी

सिवनी यशोः- जानकारी के अनुसार शि वा पिता दिल्लू रैदास (30) सारसडोल मिर्गी रोग से पीड़ित था, जो नाले तरफ गया था। सुबह नाले से गुजर रहे लोगों ने शव को नाले में देखकर घंसौर पुलिस को सुचना दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची घंसौर पुलिस ने नाले से शव को बाहर निकाला और पंचनामा बनाकर अग्रिम कार्रवाई की। फिलहाल पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए पूरे मामले की जांच कर रही है।

## कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में छात्राओं द्वारा ग्रामीण सहभागी मूल्यांकन पी आर ए तकनीकी का रंगोली के माध्यम से किया चित्रण

**पी आर ए गांव स्तर पर वास्तविक समस्याओं को ग्रामीणों के नजरिए से समझने का प्राथमिक व सुगंम माध्यम**

सिवनी यशोः- कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव रावे के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं बालाघाट से रावे छात्राओं द्वारा (पी आर ए) की तकनीक पर ग्रामीणों के बीच सूक्ष्म नियोजन किया गया, कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ टर शेखर सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति एवं उन्नति की संपूर्ण जानकारी का आधार ग्रामीण सहभागी मूल्यांकन (तकनीकी है इसके माध्यम से गांव की रूपरेखा एवं मूलभूत आवश्यकताओं एवं सुविधाओं पर विचार विमर्श कर जानकारी प्राप्त की जाती है एवं नवीनतम कार्य योजनाओं हेतु दिशा प्राप्त होती है

मृदा वैज्ञानिक डॉ के के देशमुख के द्वारा समस्त छात्रों को ग्रामीण सहभागी मूल्यांकन की मूलभूत बातों को विस्तार से अवगत कराया गया ताकि गांव में उपलब्ध संसाधनों की विस्तार से जानकारी एवं ग्रामीणों की आवश्यकताओं की प्राथमिकताओं का निर्धारण सुगमता से हो सके। बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष की छात्राओं द्वारा ग्राम सिमरिया जिला सिवनी में ग्रामीण सहभागी मूल्यांकन तकनीक पर ग्राम स्तर पर स्वयं कार्यों का संपादन किया गया एवं व्यवहारिक विचार विमर्श द्वारा (तकनीकी गांव की रूपरेखा एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए तथा सीखने समझने के लिए एक लचीली उपयुक्त एवं व्यवहारिक पद्धति है। छात्राओं द्वारा संपूर्ण ग्रामीण सहभागी मूल्यांकन तकनीक का रंगोली के माध्यम से गांव के मंदिर परिसर में चित्रण किया गया एवं संपूर्ण मानचित्र को कुशलता व बेहतरीन तरीके से प्रस्तुति दी गई, इस हेतु गांव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करने के लिए कृषकों, बुजुर्गों एवं महिलाओं से संपर्क किया गया वह सर्वेक्षण किया गया इस कार्य में ग्राम वासियों के साथ ही संपर्क कृषक सरपंच श्री अनिल सनोडिया, शिक्षिका श्रीमती शैल कुमारी ,आशा कार्यकर्ता ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

छात्राओं द्वारा ग्रामीणों की भागीदारी को ध्यान में रखकर आंगनबाडी के निकट मंदिर परिसर में के चित्रण व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख प्रस्तुत घटक में संसाधन मानचित्र , समय रेखा , बेन आरेख , चपाती आरेख इन सभी महत्वपूर्ण घटकों को बहुत ही सहज एवं सरल रूप में प्रस्तुति के साथ ही समझाया गया और इसमें गांव की शक्ति एवं कमजोरी नए अवसरों और खतरे की पहचान करने में भी मदद मिली।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ इंजीनियर कुमार सोनी द्वारा संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया एवं कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच एवं अन्य ग्रामीण प्रगतिशील कृषक श्री भगवान दास सनोडीया के साथ ही अन्य कृषक एवं बडी सं या में महिला कृषको की उपस्थिति रही।

## सृजन बहुउद्देशीय संस्था ने किया रक्त संग्रहण शिविर आयोजन

### 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस एवं 3 दिसंबर भोपाल गैस पीड़ित के संदर्भ में



सिवनी यशोः- 7 दिसंबर दिन गुरुवार को जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक परिसर में संस्था के प्रयासों से लगभग 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा राय जी ने कहा कि रक्त की कमी से मरीज को संघर्ष करते हुए हमने देखा है इसी प्रेरणा से जनहित में संस्था के द्वारा यह लगातार द्वितीय वर्ष का आयोजन किया गया आज का यह शिविर सभी रक्तदाताओं एवं संस्था के सभी सदस्यों के प्रयास से सफल हुआ संस्था की सचिव डॉ शुभा जायसवाल ने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिसका वजन 50 किलोग्राम से अधिक हो वह साल में एक या दो बार रक्तदान कर सकता है हम सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हैं

आज के रक्तदाताओं में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आदरणीय लालू राय जी एवं श्रीमती रानू राय जी कलचुरी समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अजय सूर्यवंशी जी कलचुरी समाज के उपाध्यक्ष रामस्वरूप राय जी जिला पंचायत से मध्यान भोजन प्रभारी श्रीमती नीलम विश्वकर्मा जी परियोजना अधिकारी श्री राहुल से सेना जी एवं पीयूष दुबे जी राहुल पांडे जी संजय शर्मा प्रतिभा बेदी जी सहित सभी स माननीय रक्तदाता बंधुओ ने आज यह मानव सेवा में अपना सहयोग दिया ।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास लखनादौन द्वारा जानकारी दी गई कि ग्राम पंचायत शिकारा की पाण्डुपुरा आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत बोरिया के ओझेरा, ग्राम पंचायत सोहागपुर के सोहागपुर क्रमांक 01, ग्राम पंचायत जमुआ, ग्राम पंचायत पिंडरई रैयत के करपडोल के आंगनवाडी केन्द्र के लिए सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु 18 अ टूबर 23 से आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12 उत्तीर्ण एवं आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा पांचवी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

## लाईजनिंग अधिकारी नियुक्त

मण्डला यशोः-17 दिसंबर 2023 के लिए म.प्र. लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा से.नि. आई.ए.एस. कृष्णमोहन गौतम को जबलपुर संभाग के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## बंदियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिकार पर होगा सेमीनार

### गहन विमर्श के बाद सरकार को अनुशंसा की जाएगी-कार्यवाहक अध्यक्ष ममतानी

भोपाल । अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर मानव अधिकार आयोग द्वारा 10 दिसंबर रविवार को एक दिवसीय सेमीनार होगा जिसमें बंदियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिकार-मानव अधिकार विषय पर विमर्श होगा और बंदियों के स्वास्थ्य देखभाल पर सरकार को परामर्श देने के लिए प्रारूप तैयार किया जाएगा। उद्घाटन सत्र की लाइव स्ट्रीमिंग https://youtube.com/live/EiFlYjZsbvM?feature=share पर होगी। नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में सुबह साढ़े 10 बजे से होने वाले इस सेमीनार के मु य अतिथि उच्चतम न्यायालय दिल्ली के न्यायाधिपति श्री जितेंद्र कुमार माहेश्वरी होंगे। अध्यक्षता मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी करेंगे। सेमीनार में उद्घाटन सत्र के अलावा तकनीकी सत्र भी होगा। सेमीनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के न्यायमूर्ति श्री सुजॉय पाल, उच्च न्यायालय ग्वालियर बैंच के न्यायमूर्ति श्री संजीव एस कालगांवकर, अपर मु य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री श्रीराम कॉलेज नई दिल्ली के पत्रकारिता विभाग की अध्यक्ष डॉ. वर्तिका नन्दा और मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के सदस्य श्री राजीव टंडन भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आयोग द्वारा विषय आधारित प्रकाशित होने वाली पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा।

**अनुशंसाएँ समाज के लिए उपयोगी होंगी-श्री ममतानी**

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी ने बताया कि कार्यक्रम मु यतः मध्यप्रदेश की जिला स्तरीय न्यायपालिका, जेल प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित है। विषय के महत्व को देखते हुए कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के बाद सभी हितग्राहियों का संयुक्त तकनीकी सत्र भी रखा गया है। इस सत्र में विभिन्न मुद्दों पर अपनी-अपनी ओर से प्रस्तुतीकरण के साथ ही संयुक्त विचार- विमर्श और चर्चा होगी। विशेषज्ञ, जेल सुधारक तथा न्यायाधीश और अधिकारियों की उपस्थिति में भविष्य के लिए सकारात्मक पहल प्रस्तावित करेंगे। आयोग मध्यप्रदेश शासन को आवश्यक अनुशंसाएं कर उन्हें पूर्ण कराने में अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर जेलों में बंदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के वैधानिक एवं संवैधानिक और मानव अधिकारों का वास्तविक रूप से संरक्षण सुनिश्चित कराने का प्रयास करेगा। विषय की महत्वता को देखते हुए इस संबंध में भोपाल में ही स्थित विभिन्न विधि महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं से इस विषय पर लेख प्रतियोगिता करायी गई है। चयनित छात्र-छात्राओं को स मानित भी किया जाएगा। इस विषय पर स्मारिका प्रकाशित की जा रही है, जिसमें विषय से संबंधित महत्वपूर्ण तथा सुसंगत लेख और मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग द्वारा इस संदर्भ में की गई कुछ अनुशंसाओं को विषय की गंभीरता को देखे जाने के संदर्भ में स मिलित किया गया है। श्री ममतानी ने उ मीद जताई है कि स्मारिका सभी संबंधित विभागों, व्यक्तियों और अधिकारियों के लिए उपयोगी होगी।

## जबलपुर में फिर शुरू हुई मटर खरीदी, प्रशासन के आश्वासन पर व्यापारियों की हड़ताल खत्म




जबलपुर की कृषि उपज मंडी में बीते 24 घंटे तक मटर खरीदी पूरी तरह से बंद रही। खरीदी नहीं होने से जहां किसान परेशान होते रहे तो वहीं व्यापारी जिला प्रशासन से सुरक्षा की मांग के लिए अड़े रहे। आखिरकार जिला प्रशासन ने जब व्यापारियों को सुरक्षा का आश्वासन दिया तो फिर शनिवार से मंडी में मटर खरीदी का काम शुरू हुआ है।

**मंडी गेट पर किसानों ने किया था हंगामा, गेट पर जड़ा था ताला**

दरअसल, बीते तीन दिनों पहले मटर के दामों को लेकर सैकड़ों किसानों ने कृषि उपज मंडी के सामने जमकर हंगामा किया था। नाराज किसानों ने मंडी के गेट बंद कर दिए जिसके चलते सैकड़ों व्यापारी मंडी के अंदर ही बंधक बनकर रह गए। जानकारी मिलने के बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और नाराज किसानों को समझाती रही। लेकिन मटर के सही दाम न मिलने से किसान नाराज रहे।

**मंडी संघ बोला, व्यापारी डरे और सहमे हुए हैं**

आखिरकार राज्य सरकार ने किसानों को जब 700 रुपए प्रति बोरा मटर मुआवजा देने का ऐलान किया तब जाकर किसानों का गुस्सा शांत हुआ। किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी में किए गए हंगामा के बाद से मंडी के व्यापारियों में खासा आक्रोश है। कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजीत साहू का कहना है कि जो भी घटना हुई वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं` योंकि जिस तरह से किसानों ने हंगामा किया था उसके चलते व्यापारी से सहमे हुए हैं।

मंडी व्यापारियों ने जिला प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। अजीत साहू का कहना है कि अगर उस दिन समय रहते पुलिस और प्रशासन किसानों के हंगामा को रोक लेता तो आज इस तरह के हालात नहीं बनते। व्यापारियों का यह भी कहना है कि जिस दिन किसानों ने हंगामा किया था उसे दौरान मंडी में सैकड़ो गाड़ियां व्यापारियों की फंस गई थी जिसके चलते 8 से 10 करोड रुपए का नुकसान हुआ है। बहरहाल जबलपुर कले टर के आश्वासन के बाद से 24 घंटे बाद आज से मटर खरीदी का काम शुरू हो गया है।

## 1500 शिवलिंगों से बनाया जा रहा 21 फीट ऊंचा शिवलिंग, महाकालेश्वर की तरह ये भी रहेगा दक्षिण मुखी



उज्जैन । महाकाल लोक के समीप बने त्रिवेणी संग्रहालय में जल्द ही देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक विशाल शिवलिंग के दर्शन होंगे। लगभग 1500 से ज्यादा छोटे-छोटे शिवलिंगों को मिलाकर 21 फीट ऊंचा यह विशाल शिवलिंग तैयार किया जा रहा है।

मप्र के संस्कृति विभाग द्वारा बनवाए जा रहे इस शिवलिंग को भोपाल के कलाकारों द्वारा पूर्ण रूप दिया जा रहा है। त्रिवेणी संग्रहालय के आदित्य चौरसिया ने बताया कि लौह शिल्प के माध्यम से इस विशाल शिवलिंग को तैयार किया जा रहा है। इसमें 1500 से ज्यादा शिवलिंगों को मिलाकर 21 फीट ऊंचा, 18 फीट चौड़ा और करीब 15 फीट लंबा यह विशाल शिवलिंग बनकर तैयार हो रहा है। इस विशाल शिवलिंग में लगाए गए प्रत्येक शिवलिंग पर नाग देवता भी बनाए गए हैं। 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक श्रीमहाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की तरह ही इसे भी दक्षिण मुखी के रूप में स्थापित किया गया है। पूरी तरह तैयार होने के बाद यह हरिफाटक ब्रिज से भी विहंगम स्वरूप में नजर आएगा। इसे बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। इसे पूरा तैयार होने के बाद आसपास आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जाएगी। इसी माह इसका कार्य पूरा होने की संभावना है। जिसके बाद नए वर्ष से यह आम लोगों को पूर्ण स्वरूप में देखने को मिल सकेगा।

## बीज, खाद एवं कीटनाशक की उच्च गुणवत्ता हेतु कृषि विभाग का सघन अभियान

### नंबर 7898630098 में दर्ज कर सकते हैं शिकायत

मंडला यशोः- मण्डला जिले के नगरपालिका, नगर पंचायत, नगर परिषद क्षेत्र में बीज, उर्वरक, कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठनों से गुणवत्ता परिक्षण हेतु नमूने लेने एवं निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित कार्य स पादित करने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। जिसके तहत आर.डी. जाटव प्रभारी अधिकारी, डी.के. बारस्कर उप प्रभारी सहायक संचालक कृषि, मुकेश कुलस्ते प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तर पर 9 निरीक्षक दल द्वारा जिले के कृषि आदान विक्रेताओं के दुकानों का निरीक्षण कर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाओं के नमूने लिये जा रहे हैं। बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक के 88 नमूने प्रयोगशालाओं में जांच हेतु भेजे गये हैं। अनियमितता जाने पर विक्रेताओं के दुकान पर विक्रय प्रतिबंध लगाकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। कृषकों के लिये यूरिया 266 रूपये प्रति बैग, डीएपी. 1350 रूपये प्रति बैग तथा एनपीके 1470 रूपये प्रति बैग दर निर्धारित है। निर्धारित दर से अधिक में विक्रय किए जाने पर विक्रेता पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। खाद, बीज या कीटनाशक संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु कार्यालय उप संचालक कृषि मण्डला में स्थापित कंट्रोल रूम नंबर 7898630098 में दर्ज कर सकते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 को

मंडला यशोः- अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर 2023 को प्रातः 11 बजे सभी कार्यालयों में अधिकारी, कर्मचारियों को शपथ दिलाई जाएगी। इस संबंध में शपथ के प्रारूप सहित आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# विकसित भारत की कल्पना को साकार करने सभी की सहभागिता आवश्यक - केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते

## वाहन को दिखाई हरी झंडी, विकसित भारत के संकल्प की दिलाई गई शपथ

**ग्राम जहरमऊ से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ**

मंडला यशोः- मंडला जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ नैनपुर विकासखंड के ग्राम जहरमऊ से किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़े और उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्र के हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई एवं हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई गई। इस दौरान केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष ओमवती उईके, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग एवं अन्य



जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी सं या में विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**योजनाओं को समझें तथा पात्रतानुसार लाभ उठाएं**

इस अवसर पर केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित है। भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को विकास की मु य धारा से जोड़ना आवश्यक है। आमजन शासन की योजनाओं को समझें तथा पात्रतानुसार लाभ उठाएं। विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों को प्रदान किया है जिससे सरकार के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ा है। श्री कुलस्ते ने कहा कि सभी वर्ग के लोग आगे बढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा।

**लखपति बनेंगी लाड़ली बहनें**

केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि सरकार लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से समर्थ बनाने का प्रयास कर रही है। उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस संबंध में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से भी विभिन्न आर्थिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। श्री कुलस्ते ने कहा कि स्व-सहायता समूह के उत्पादों का विक्रय पूरे देश के साथ-साथ अन्य देशों में भी किया जाएगा।

**हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव**

कार्यक्रम में जहरमऊ ग्राम के अनेक हितग्राहियों ने केन्द्र सरकार की योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी दी। मालती सिंगौर ने कहा कि उसने पशुपालन का व्यवसाय शुरू किया है जिससे उसे अच्छी आमदनी हो रही है। साथ ही घर में गोबर गैस प्लांट लगा लिया है जिससे उसे गैस टंकी नहीं खरीदनी पड़ती। लता उईके ने कहा कि पहले वह चूल्हे में खाना बनाती थी जिसके लिए उसे सुबह से ही जंगल जाकर लकड़ी लाना पड़ता था। उज्ज्वला योजना के तहत उसे गैस कने शन प्राप्त हुआ है। अब उसे लकड़ी के लिए जंगल नहीं जाना पड़ता है। तुलसीराम जंघेला ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनने से उसकी आंखों का निःशुल्क उपचार हो गया। सीमा तिवारी ने कहा कि उसका मकान कच्चा था, बरसात के दिनों में रहना मुश्किल होता था। प्रधानमंत्री आवास बन जाने से अब उसका परिवार सुखपूर्वक पक्के मकान में रहता है।

**योजनाओं का लाभ दिलाने गांव-गांव पहुंचेगी वेन**

कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की योजनाओं से सुसज्जित वेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वेन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें पात्रतानुसार लाभ दिलाने की पहल करेगी।

## 2 साल से फौती में नामांतरण के लिए भटक रही आवेदिका

### अंजनिया न्यायालय उप तहसील का मामला

मंडला यशोः- दरअसल मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार समस्त जिलों के कले टरों को फौती नामांतरण के प्रकरण में भू राजस्व संहिता की धारा 110 के अंतर्गत अविवादित नामांतरण की स्थिति में 30 दिवस के अंदर नामांतरण आदेश किए जाने के प्रावधान हैद्य जिसमें नामांतरण प्रकरणों में यह कार्यवाही न्यायालय उप तहसीलों के पटवारियों, नगर सर्वेक्षक, अथवा भूमि में हित अर्जित करने वाले व्यक्तियों की रिपोर्ट के आधार पर की जाती हैद्य ताकि शासन की योजनाओं का लाभ लोगों को कम समय और आसानी से मिल सके द्य लेकिन इधर बिछिया विकासखंड के अंतर्गत न्यायालय उपतहसील अंजनिया की आवेदिका लता बाई पटेल पिता गणेश पटेल दो सालों से फौती में नामांतरण (नाम बदलनें) को लेकर न्यायालय के चक्कर काटते आ रही है द्य लेकिन अब तक राजस्व विभाग के द्वारा फौती नामांतरण को लेकर कार्यवाही नहीं की जा रही है इससे वह परेशान है और अंजनिया न्यायालय के उप तहसील पर पदस्थ पदाधिकारियों के ऊपर लापरवाही बरतनें के आरोप लगाए गए हैं।

***ये है मामला***

उन्होंने बताया कि वह ग्राम अंजनिया वही नंबर 25 य. नि. म अंजनिया तहसील बिछिया विकासखंड जिला मंडला में स्थित भूमि खसरा नंबर 1528 रकवा 0.22 हे टेयर राजस्व भूमि के खेतों में मेरे पिता गणेश का नाम दर्ज है। जहां उक्त खातेदार की दिनांक 27 8 2021 को मृत्यु हो गई है जिनका फौती काटकर वंशावली के आधार पर मेरा नाम नामांतरण करवाना चाह रही हूंद्य पर आज तक राजस्व विभाग के द्वारा मेरे फौती नामांतरण में फिर बदल किया ही नहीं जा रहा है।

अंत में उन्होंने यह भी बताया कि वह इसके पहले पहला आवेदन अंजनिया उप तहसील में सन 2021और फिर दूसरा आवेदन इसी वर्ष 2023 के अप्रैल माह में 4 तारीख को दिए हो गया परंतु आज दिनांक तक मेरे पक्ष में फौती नामांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है।

**इनका कहना है**

**अवेदिका लताबाई पटेल**

मेरे द्वारा उप तहसील अंजनिया में दो बार नायब तहसीलदार महोदय के नाम फौती मैं नामांतरण हेतु आवेदन देते हो गया परंतु आज तक मेरी समस्या का निदान नहीं हुआ है। मेरे भूमि खसरा के कागजात अविवादित पक्षकार की श्रेणी में है।

## निर्वाचन के अनुभव, नवाचार एवं समस्याओं पर सुझाव प्राप्त करने हेतु वीडियो कॉफ्रेंसिंग संपन्न




मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान विभिन्न जिलों के अनुभव, नवाचार तथा समस्याओं के संबंध में सुझाव प्राप्त करने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेसिंग का आयोजन किया गया जिसमें मु य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन द्वारा सभी जिलों से विस्तृत चर्चा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में विधानसभा निर्वाचन-2023 में आए पोलिंग स्टेशन का निरीक्षण एवं स्थापना, ईव्हीएम के रखरखाव एवं भण्डारण, मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, स्वीप प्लान तैयार करने एवं उसका पालन करने, मतदाता का पंजीयन, स्थानांतरण, निरसन, सर्विस मतदाता, ईटीपीबी के मतदान की प्रक्रिया, वरिष्ठ मतदाता, दिव्यांग मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया, मतदान दलों का गठन, कानून व्यवस्था, मतगणना स्थल की तैयारी, बैलेट पेपर की तैयारी, पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान की प्रक्रिया, से टर मजिस्ट्रेट की नियुक्त, वाहन की व्यवस्था, वीडियोग्राफी, सी.सी.टी.वी. कवरेज, वेब कास्टिंग, वल्नरेबल मेपिंग, सुविधा विन्डों का उपयोग, एनकोर सॉ टवेयर में असुविधा एवं सुधार के सुझाव, बीएलओ एप में असुविधा एवं सुधार के सुझाव, कन्ट्रोल रूम, ऐ सपेन्डिचर मॉनीटरिंग, पेडन्यूज, निर्वाचन ज्ञापन का प्रमाणीकरण, रूटचार्ट, ऑब्जर्वर की व्यवस्था, मीडिया मॉनीटरिंग, नोमीनेशन ऐ रूटनी सहित कार्यवाही, सी-विजिल एप, नामावली की तैयारी एवं प्रिन्टिंग, मतपत्रों की छपाई, मतदान सामग्री की सीलिंग एवं शिकायतों के निराकरण आदि विषयों पर चर्चा करते हुए जिलेवार अनुभव, सुझाव एवं नवाचार साझा किये गये।

## 11 दिसंबर को खोला जाएगा ईव्हीएम वेयर हाउस

मंडला यशोः- एफलसी, कमीशनिंग एवं डिसपर्सल के दौरान तथा मॉकपोल में पाई गई नॉन फं शनल मशीनों को सुधार हेतु बीईएल बैंगलुरू भेजने के लिए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जबलपुर को सौंपा जाना है। इस संबंध में 11 दिसंबर 2023 को प्रातः 10:30 बजे शासकीय पॉलीटें नक कॉलेज मण्डला के पीछे स्थित ईव्हीए व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस खोला जाएगा। इस दौरान संबंधित राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## आज चंदिया जर और इंद्री पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

मंडला यशोः- भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का राज्य सरकार की सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उसे लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। 10 दिसंबर को यह यात्रा मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड के ग्राम चंदिया जर एवं इंद्री पंचायत पहुंचेगी। यात्रा के सफल आयोजन के लिए पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# 30 वें खेल दिवस समारोह का हुआ आयोजन

बालाघाट। गत दिवस पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 30 वें खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मु य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। केंद्रीय विद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि खेल दिवस पर 100 मीटर की दौड़, रिले रेस, मटका दौड़, जलेबी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त भी खेल आयोजित किए गए जिसमें वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, बास्केटबॉल, क्रिकेट, शॉट पुट, रस्सी दौड़, साइकिल दौड़ प्रतियोगिता आदि खेल खिलायें गए। इस दौरान विद्यालय स्तरीय




बाल विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। जिसमें छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल प्रदर्शित किए गए। जिनका अवलोकन मु य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया। कले टर डॉ. मिश्रा ने प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को सर्टिफिकेट एवं मैडल प्रदान किए। जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन और मनोबल बड़ा और उन्होंने यह संकल्प लिया कि हम और भी अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।कार्यक्रम की अगली कड़ी में अतिथियों द्वारा प्रेरणादायक उदबोधन प्रस्तुत किया गया जिसमें उनके द्वारा बच्चों को प्रेरणा देते हुए यह समझाया गया कि पढ़ाई के अतिरिक्त खेल भी जीवन में किस प्रकार मायने रखता है और पढ़ाई के साथ-साथ हम इन गतिविधियों से समूह भावना का किस प्रकार विकास कर सकते हैं ।जो कि हमारे जीवन में अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में सुश्री मधुलिका डोलारे पीजीटी रसायन विज्ञान द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इसमें कले टर डॉ. मिश्रा की धर्मपत्नी डीएफओ श्रीमति मीना मिश्रा भी स मिलित हुई। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री श्रवण बोदेले टीजीटी इंग्लिश एवं श्रीमती अर्चना कावड़े टीजीटी हिंदी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## 148 नोडल अधिकारी जुटेंगे उपार्जन निगरानी और अन्य कार्यों में कले टर ने उपार्जन के स बंध में की बैठक

बालाघाट। कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभागृह में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारियों के मद्देनजर 148 नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन बिंदुओं पर निर्देशित किया गया जो उपार्जन की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी किसानों के स्लॉट बुक कराने से उपार्जन में समस्या नही होगी, इसलिये इस कार्य को फिलहाल प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराये। इसमें बड़े किसानों का स्टाल जरूर बुक कराए। किसानों के पंजीयन नहीं पाए जाने पर मंडी में धान लाने की अनुमति नही है। 200 क्विंटल धान के ऊपर के स्लॉट बुक



होना अनिवार्य एवं साथ ही उनका वेरिफिकेशन जरूर कराएं। बैठक के दौरान डॉ. मिश्रा ने हर ब्लॉक लेवल पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए है। जो 24 घंटे कंट्रोल रूम में रहेंगे। चेक पोस्टों पर सीसीटीवी से होगी निगरानी। चेक पोस्टों से ट्रक के द्वारा निकल रहे माल का नोडल अधिकारी करें वेरीफिकेशन करेंगे। ऑनलाइन मैपिंग करने के लिए भी आवश्यक है। चैकबपोस्ट नाकों पर बेसिक व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए है। जिसमें संबंधित पंचायत के अंतर्गत आने वाले चेक पोस्ट पर पंचायत कर्मी सहयोग करेंगे। चैक पोस्ट पर 24 घंटे रोटेशन में लगाएं ड्यूटी जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा, सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ श्री आरसी पटले, खाद्य अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल आर्य व जिला विपणन अधिकारी श्री हरेन्द्रसिंह रघुवंशी उपस्थित रहे

# थाना कोतवाली पुलिस ने 02 आरोपियों से मंडला जबलपुर, बालाघाट से चुराये गये 06 मोटरसाइकिल कि जप्त

मंडला यशोः- प्रथम रिपोर्ट में प्रार्थी विकेश नेभवानी पिता श्री गुरुमुख दास नेभवानी उम्र 34 साल नि. बिंझिया जिला मंडला द्वारा की रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 21.10.2023 के रात अपनी मोटरसायकल क्र. MP51MH7883 ग्लेमर हीरो कंपनी की काले रंग की पड़ाव कृषि उपज मंडी के गेट के पास खड़ी मोटरसायकल चोरी हो गयी हैं। थाना कोतवाली उक्त रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 739/2023 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। *दुसरे प्रकरण में* प्रहलाद बरमैया पिता स पत बरमैया उम्र 28 साल नि. छोटी गौंझी सहस्त्र धारा रोड़ थाना



कोतवाली मंडला द्वारा अपनी मोटरसायकल हीरो पैशन काले रंग की जिसका क्रमांक MP51ME0248 के चोरी हो जाने की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 816/2023 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन चोरी के प्रकरण में चोरी गये वाहन एवं आरोपियों की तलाश की जा रही थी। थाना कोतवाली पुलिस टीम को पतासाजी के दौरान आरोपी प्रदीप झारिया पिता फागूलाल झारिया उम्र 20 साल नि. ज्वालाजी वार्ड महाराजपूर एवं जतिन पिता जगदीश प्रसाद सिसोदिया उम्र 21 साल नि. संगम घाट रोड़ बुढ़ी माई वार्ड मंडला को गिर तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर आरोपियों ने तीन अन्य साथियों के साथ जिला मंडला, बालाघाट एवं जबलपुर से मोटरसायकल चुराकर साथियों के घर में छुपाकर रखना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की निशानदेही पर 1. हिरो स्पेलडर काले रंग की क्रमांक एमपी 51 एमके 6693 जिसकी रिपोर्ट चौकी अंजनिया,थाना ब हनी में दर्ज है, 2. हिरो स्पेलडर सिल्वर नंबर एमपी 51 एमएच 9203, जिसकी चोरी की रिपोर्ट थाना महाराजपुर में हैं, 3. बजाज प्लसर काले रंग कि न. CG08AQ9250 जिसके चोरी की रिपोर्ट थाना कोतवाली बालाघाट में दर्ज है, 4. एक एँ टवा ब्लू रंग नं MP20SY4068 जिसकी चोरी की रिपोर्ट थाना बरेला जबलपुर में है को जप्त किया गया। आरोपी 1- प्रदीप झारिया पिता फागूलाल झारिया उम्र 20 साल नि. ज्वालाजी वार्ड महाराजपूर 2-जतिन पिता जगदीश प्रसाद सिसोदिया उब 21 साल नि. संगम घाट रोड़ बुढ़ी माई बाई महाराजपुर थाना कोतवाली मंडला के अपराध क्र. 739/23 धारा 379 ताहि एवं अपराध क.816/23 धारा 379 ताहि मे मोटर सायकिल जप्त कर आरोपियों को गिर तार किया गया। इस प्रकार आरोपियों के कब्जे से अलग जिलो के थाना क्षेत्रों से जप्त की गई कुल 06 मोटरसायकल जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख 10 हजार हैं।

*उल्लेखनीय है कि* थाना कोतवाली पुलिस को वाहन चोरी गेग को पकड़ने एवं चोरी के वाहनो को रिकवर करने में लगातार सफलता प्राप्त हो रही है, हाल ही में जबलपुर निवासी शातिर वाहन चोर से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी किये सात मोटरसायकल जब्त किया गया था।

*इस्तगाशा क्रमांक 03/23 धारा 41 (1-4) जाफौ 379 भादवि* इस्तगासा क्रमांक -03/23 धारा-41 (1+4) जाफो 379 भादवि में आरोपी 1- प्रदीप झारिया पिता फागूलाल झारिया उम्र 20 साल नि. ज्वालाजी वार्ड महाराजपूर 2-जतिन पिता जगदीश प्रसाद सिसोदिया उम्र 21 साल नि. संगम घाट रोड़ बुढ़ी माई वार्ड महाराजपूर, 3-रोहित तिवारी पिता झाडूराम तिवारी उम्र 25 साल नि. हनुमान वार्ड महाराजपूर 4-सूजल नंदा पिता राजकुमार नंदा उम्र 18 साल वार्ड न.01 द्विमर मोहल्ला महाराजपूर 5-प्रेम मरकाम पिता धनसिंग मरकाम उम्र 19 साल निवासी वार्ड न. 15 नैनपुर जिला मंडला के विरूद्ध पृथक से इस्तगासा धारा 41(1-4) जाफौ 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

उक्त कार्यवाही एसडीओपी मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में थाना कोतवाली की टीम जिसमें उप निरीक्षक रविप्रताप चौहान, उप निरीक्षक प्रीति वर्मा, सउनि भुनेश्वर वामनकर, प्रआर अभिषेक मिश्रा, पुरन ईडपांचे, आर रमेश सिंगरौरे, अमित गरयार, मानसिंह, हन्नू , दीपांशु, योगेश, अंकित चालक आर बृजेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297